सत्यमेव जयते

# ASHISH SOOD

MINISTER OF HOME, POWER, URBAN DEVELOPMENT, EDUCATION,
HIGHER EDUCATION, TRAINING & TECHNICAL EDUCATION
GOVT. OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

प्रिय दिल्ली वासियों,

नमस्कार,

माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी के आह्वान पर हम सभी को मिलकर दिल्ली को स्वच्छ और ऊर्जा–आत्मनिर्भर बनाना है। बढ़ती खपत और प्रदूषण के बीच रुफटॉप सोलर ही वह उपाय है जो आपका बिजली बिल घटाता है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा व सुरक्षित भविष्य देता है। आइए, अपनी छत को बिजली घर बनाकर स्वच्छ ऊर्जा अपनाएं।

**क्यों अपनाए रुफटॉप सोलर?**

रुफटॉप सोलर अपनाने से आपका बिजली बिल शून्य हो सकता है। यह हर मौसम में बिजली पैदा करता है और एक बार का निवेश आपका पूरे 25 साल तक लाभ देता है। इसके लिए बहुत बड़ी जगह की भी जरुरत नहीं होती– केवल लगभग 80 वर्ग फुट छाया–रहित छत पर 1 किलोवाट का सिस्टम लगाया जा सकता है।

"प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" और "दिल्ली सौर ऊर्जा नीति" के तहत दिल्लीवासियों को सोलर प्लांट पर ₹1.08 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। उदाहरण के लिए, 3 किलोवाट का प्लांट लगभग ₹2 लाख का आता है। इसमें केंद्र से ₹78,000 और दिल्ली सरकार से ₹30,000 की सब्सिडी मिलकर कुल ₹1.08 लाख हो जाती हैं। यानी उपभोक्ता को सिर्फ ₹92,000 देने होते है। जिसे आसान बैंक लोन (लगभग 6% ब्याज दर पर) से भी चुकाया जा सकता है। हाउसिंग सोसइटी (RWA/GHS) को भी ₹20,000/KW सब्सिडी मिलती है।

इसके साथ ही 5 साल तक अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि (GBI) भी मिलती है– 3 KW तक प्रति यूनिट ₹3 और 3–10 KW तक प्रति यूनिट ₹2।

आइए, बचत का सरल हिसाब समझें–

अगर आपकी मासिक खपत 500 यूनिट है तो 3 KW सोलर सिस्टम से आपका बिजली बिल शून्य हो सकता है। इससे लगभग ₹3,000 प्रतिमाह की बचत होगी। साथ ही, 5 साल तक ₹900 प्रतिमाह अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि (GBI) भी मिलेगा। कुल मिलाकर 25 साल में आप लगभग ₹9 लाख तक बचा सकते हैं।

इसलिए आज ही www.pmsuryaghar.gov.in पर आवेदन करें, अपना अधिकृत वेंडर चुनें और अपनी बिजली कंपनी (डिस्कॉम) के टोल–फ्री नंबर पर संपर्क करें।

आइए, जिम्मेदारी और गर्व के साथ सौर ऊर्जा अपनाएं एवं दिल्ली को रोशन करें।

सादर,

भवदीय,

ashish

(आशीष सूद)
ऊर्जा मंत्री, दिल्ली

A-Wing, 7th Level, Delhi Secretariat, I.P. Estate, New Delhi-110002
Tel. No.:23392116, 23392117 Email : min-hep@delhi.gov.in

बीवाईपीएल की ओर से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं

BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

# संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

2026 HAPPY NEW YEAR

जनवरी - 2026

## ग्रेट प्लेस टू वर्क® – एक संस्कृति, जो मिलकर बनाई गई है

Great Place To Work® Certified DEC 2025-DEC 2026 INDIA

बीएसईएस डिस्कॉम्स को एक बार फिर ग्रेट प्लेस टू वर्क® के रूप में प्रमाणित किया गया है, और यह सम्मान लगातार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है।

यह सम्मान उस विश्वास, सहयोग और साझा उद्देश्य को दर्शाता है, जिसे बीएसईएस के कर्मचारी हर दिन अपने कार्यस्थल पर लेकर आते हैं। अधिक सहभागिता और बेहतर ट्रस्ट इंडेक्स एक मजबूत और समावेशी संस्कृति की पुष्टि करते हैं—जो सम्मान, प्रतिबद्धता और एक–दूसरे में परस्पर विश्वास पर आधारित है। बीएसईएस में उत्कृष्टता की पहचान सिर्फ शहर को विश्वसनीय व गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने से ही नहीं, बल्कि लोगों से भी होती है, जो हमारे संस्थान को भीतर से ऊर्जा देते हैं।




| सोलर अपनाने के लिए हमसे संपर्क करें: | |
|---|---|
| कॉल: | 19122 (Ext 3) |
| मिस्ड कॉल: | 9871608800 |
| ईमेल: | netmetering.bypl@reliancegroupindia.com |
| वेबसाइट: | https://byplws.bsesdelhi.com:8890/ |

*नियम और शर्तें लागू




## दिल्ली से कोलंबो और ताइपे तक – उत्कृष्टता, सीमाओं से परे

बीएसईएस गुणवत्ता और इनोवेशन में लगातार वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है।

ताइपे में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वॉलिटी कंट्रोल सर्कल्स (ICQCC 2025) के स्वर्ण जयंती संस्करण में – जिसे गुणवत्ता का ओलंपिक्स माना जाता है – बीआरपीएल और बीवाईपीएल की टीमों ने मिलकर 8 गोल्ड अवॉर्ड्स जीते। इसमें 17 देशों के प्रतिभागियों और लगभग 900 गुणवत्ता सुधार परियोजनाओं के साथ बीआरपीएल और बीवाईपीएल की कड़ी प्रतियोगिता थी।


यह सफलता पिछले वर्ष के शानदार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के तुरंत बाद आई है। श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित ICQCC 2024 में बीएसईएस ने 5 गोल्ड अवॉर्ड्स जीते थे, जिससे वैश्विक गुणवत्ता मंचों पर उसकी बढ़ती उपस्थिति और निरंतर नेतृत्व को और मजबूती मिली।






फीडबैक
अपने फ़ीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525,
फोन: 11-4124-7111/4124-9273,
ईमेल: bypl.feedback@@reliancegroupindia.com,
वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

**मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं**




टॉल फ्री 24x7
19122

बिजली चोरी संबंधी
8588892156
बिजली गुल की शिकायत
8745999808

स्ट्रीटलाइट
41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित